Printed from

नवभारत टाइम्स

Navbharat Times - Breaking news, views. reviews, cricket from across India

अभी-अभी » भारत Vs साउथ अफ्रीका, तीसरा टेस्ट: भारत के 6 विकेट गिरे। धोनी

अथॉरिटी जल्द लाएगी फार्म हाउस स्कीम

4 Jan 2011, 0400 hrs IST

महकार भाटी ॥ ग्रेटर नोएडा

ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी प्लॉट व ग्रुप हाउसिंग स्कीम के बाद अब फार्म हाउस बेचने कि तैयारी कर रही है। स्कीम अगले सप्ताह लॉन्च हो जाएगी। अथॉरिटी स्कीम लॉन्च करने की तैयारी में जुट गई है। अफसरों ने प्लानिंग विभाग को स्कीम का लेआउट प्लान जल्दी तैयारी करने के निर्देश दिए हैं।

अथॉरिटी अफसरों का कहना है कि फार्म हाउस स्कीम लॉन्च करने का मकसद शहर में हरियाली बनाए रखना भी है। अथॉरिटी सूत्रों का कहना है कि फार्म हाउस कि स्कीम ग्रेटर नोएडा की लाइफ लाइन की जाने वाली 130 मीटर रोड के पास टेकजोन फोर सेक्टर के आस-पास होगी। सूत्रों का कहना है कि स्कीम में प्लॉट 5 एकड़ से अधिक एरिया में होंगे।

ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी हाल ही में ग्रुप हाउसिंग, इंस्टिट्यूशनल व इंडस्ट्रियल प्लॉटों की स्कीम लेकर आई थी। पिछले महीने अथॉरिटी ने ग्रुप हाउसिंग प्लॉटों की स्कीम लॉन्च की थी। इसमें विभिन्न साइजों के 19 प्लॉट शामिल थे। स्कीम के प्रति बिल्डरों में इस प्रकार उत्साह था कि 19 में से 10 प्लॉट बिल्डरों ने खरीद लिए। बिल्डर्स स्कीम से अच्छा रेस्पॉंस मिलने पर ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी ने नोएडा एक्सटेंशन एरिया में फार्म हाउस स्कीम लाने कि तैयार में लगी है। अथॉरिटी अफसरों का कहना है कि स्कीम में प्लॉट पांच एकड़ से ज्यादा एरिया के हांेगे। फार्म हाउस कि स्कीम अथॉरिटी पहली बार ला रही है। अथॉरिटी अफसरों का कहना है कि नोएडा एक्सटेंशन एरिया में दर्जनों बिल्डरों को प्लॉट आवंटित किए गए हैं। अब इस एरिया में फार्म हाउस स्कीम बनाने कि योजना है। फार्म हाउस बनने से यहां के एरिया में वातावरण भी ठीक रहेगा। ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी की फार्म हाउस स्कीम दिल्ली महरौली एरिया के फार्म हाउसों को भी मात देगी। सूत्रों का कहना है कि फार्म हाउसों में कुछ एरिया में निर्माण करने की सह शर्त मंजूरी भी दी जा सकती है।

इस आर्टिकल को फेसबुक पर शेयर करें। इस आर्टिकल को ट्वीट करें।

Recommend Be the first of your friends to recommend this.

Powered by Indiatimes

About Us | Advertise with Us | Terms of Use | Privacy Policy | Feedback | Sitemap

Copyright © 2011 Bennett Coleman & Co. Ltd. All rights reserved. For reprint rights: Times Syndication Service

This site is best viewed with Internet Explorer 6.0 or higher; Firefox 2.0 or higher at a minimum screen resolution of 1024x768